पुरस्कार वितरण समारोह

Pustak Vitran Samaroh

प्रस्तावना- हमारे विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह इस वर्ष 20 फरवरी को मनाया गया था। लोक सभा पीठ से मेरठ के नवनिर्वाचित सांसद ने समारोह की अध्यक्षता करने की सहमति प्रदान की।

वितरण की तैयारियां- पुरस्कार वितरण समारोह की तैयारियों के लिए कॉलेज में सफेदी की गयी तथा कॉलेज को भली-भाँति सजाया गया। अध्यक्ष महोदय शाम को 3 बजे आये। स्वागत समिति द्वारा उनका अभिनन्दन किया गया तथा उन्हें फूलों का हार पहनाया गया।

रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन- इसके बाद कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं द्वारा एक नाटक खेला गया। अगला कार्यक्रम गायन 'जंगल सांग' का था। इस मधुर गायन को सभी ने बहुत सराहा।

इसके बाद पुरस्कार वितरित करने का समय आया। हमारे प्रधानाचार्य जी ने कॉलेज की विशेष रिपोर्ट पढ़ी। तब उनहोनें अध्यक्ष महोदय से पुरस्कार वितरित करने का निवेदन किया। कक्षा 8 के छात्र रमेश को खेलकूद प्रतियोगिता 9 में से 7 पुरस्कार मिले। मुझे लम्बी कूद के लिए एक पुरस्कार मिला।

अन्त मंे जब पुरस्कार वितरण का कार्य समाप्त हो गया, तब अध्यक्ष महोदय ने अल्पकालीन भाषण दिया। उन्होनंे कॉलेज के अनुशासन की सराहना की तथा कॉलेज की उन्नति की कामना की।

उपसंहार- विद्यालय पुरस्कार वितरण समारोह द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साह और मनोबल बढ़ता है। पुरस्कार पाते बच्चों का उत्साह देखकर दूसरे बच्चे भी इस बात के लिए प्रेरणा लेते हैं कि वे भी खेल-कूद, वाद-विवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रमांे की प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर खुद भी पुरस्कार के भागीदार बनें।